**आकाशवाणी शिमला**

**26.07.2026/प्रादेशिक समाचार/1800बजे**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कैच द रेन अभियान में गांव और शहरों से लेकर पंचायतों व सामाजिक संगठनों की जबरदस्त भागीदारी पर प्रसन्नता जताई है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अभियान के तहत पुराने तालाबों से गाद हटाई जा रही है और कुओं व बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये अभियान पूरे देश में 4 जुलाई से चलाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने करगिल विजय दिवस के मौके पर वीर शहीदों को भी याद किया।

हर घर तिरंगा अभियान की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस अभियान ने पिछले कुछ वर्षों में पूरे देश को एकजुट किया है। उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का कचरा प्रकृति के लिए नुकसानदेह बना हुआ है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्राथमिक शिक्षकों को शिक्षक दिवस से पहले नई कॉम्पलैक्स प्रणाली पर उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। शिमला में आज प्राथमिक शिक्षक संघ की आम सभा में उन्होंने कहा कि सरकार इस व्यवस्था की समीक्षा कर ये तय करेगी कि इसमें सुधार की आवश्यकता है या इसे पूरी तरह वापिस लिया जाए। मुख्यमंत्री ने ये भी ऐलान किया कि प्राथमिक शिक्षकों के विरूद्ध की गई निलंबन की कार्रवाईयों, विभागीय जांचों और दर्ज एफ.आई.आर. को वापिस लिया जाएगा।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में भर्ती अनियमितताओं, पेपर लीक और भ्रष्टाचार पर राज्य सरकार पूरी तरह बेनकाब हुई है। उन्होंने कहा कि अनियमितताओं और पेपर लीक जैसे गम्भीर मामलों पर कांग्रेस सरकार की भूमिका पूरी तरह संदेह के घेरे में है। शिमला के जाखू में आज मन की बात कार्यक्रम सुनने और **'एक पेड़ माँ के नाम'** अभियान में भाग लेने के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन मामलों में कार्रवाई करने की बजाए दोषियों को संरक्षण दे रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश का युवा पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया चाहता है लेकिन सरकार इस दिशा में विफल साबित हुई है।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि ऊना जिला के हरोली क्षेत्र को दिसम्बर 2027 तक शत प्रतिशत पेयजल व सिंचाई सुविधा सम्पन्न बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। गोंदपुर बुल्ला में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक गांव और प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का समान लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। अग्निहोत्री ने भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े प्रत्येक मामले का पूरी संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## विजय दिवस

कारगिल विजय दिवस के मौके पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने चम्बा में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मण्डी जिले के टिहरा में विजय दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में स्वास्थ्य व सैनिक कल्याण मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि सरकार वीर जवानों, उनके आश्रितों और भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा रोजगार में पूर्व सैनिकों के लिए 15 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी कारगिल विजय दिवस के मौके पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## मिंजर मेला

चम्बा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला आज से शुरू हो गया है। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने इस 8 दिवसीय मेले का शुभारम्भ करते हुए कहा कि ये उत्सव प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, साम्प्रदायिक सौहार्द और जीवंत लोक परम्पराओं का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने और भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने का आहवान किया।

## धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि सरकार खेल संस्कृति व खेल अधोसंरचना को बढ़ावा दे रही है। घुमारवीं में आज कबड्डी ओपन टूर्नामेंट के शुभारम्भ पर उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों और युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

———————————————